# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय
## (केंद्रीय विश्वविद्यालय)
## बी–4, कुतब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली–110016

स्मरण पत्र–3

क्रमांकः **F.1( 15 )/लाबशा / Admin-I/2020-21** /591

दिनांकः 22 अक्टूबर, 2021

## कार्यालय आदेश

विषयः वार्षिक प्रतिवेदन 2020–21 को तैयार करने के संबंध में।

समस्त विभागाध्यक्षों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2020–21 (01.04.2020 से 31.03.2021) के वार्षिक प्रतिवेदन के लिए विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से संबंधित सामग्री का संकलन कर मुद्रित किया जाना है। इस संबंध में समस्त विभागाध्यक्षों से निम्नलिखित विवरण हेतु अनुरोध किया गया था :–

1. विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला, संगोष्ठी, सेमिनार, सम्मेलन आदि का विस्तृत उल्लेख।
2. विश्वविद्यालयी अध्यापकों द्वारा संगोष्ठी, कार्यशाला, पुनश्चर्या, अभिविन्यास, सम्मेलनों में सहभागिता और प्रकाशित पुस्तकें / शोध पत्रिकाएँ एवं अन्य अध्ययन सामग्री, पुरस्कार, सम्मान, प्रशंसनीय पत्र इत्यादि।
3. विभागीय व्याख्यानमालाओं का विस्तृत विवरण।
4. विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तकें / शोध पत्रिकाएँ एवं अन्य अध्ययन सामग्री, पुरस्कार, सम्मान, प्रशंसनीय पत्र इत्यादि।
5. अन्य विभागीय क्रियाकलापों का विवरण।

वार्षिक प्रतिवेदन की प्रतिलिपियों को निश्चित समय–सीमा में संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखा जाना होता है, जो विश्वविद्यालय का उत्तरदायित्व होता है।

अभी तक केवल वेद एवं जैन दर्शन विभाग से ही सूचनाएं प्राप्त हुई है । अतः समस्त विभागाध्यक्षों से पुनः अनुरोध है कि वे वर्ष 2020–21 के लिए अपने विभाग से संबंधित समस्त सूचनाएँ (हिन्दी / अंग्रेजी) भाषा में उपरोक्त विवरण के अनुसार दिनांक 26.10.2021 तक श्रीमती हिमानी शदानी, अनुभाग अधिकारी (विकास) के पास निश्चित रूप से जमा करवा दें ताकि वार्षिक प्रतिवेदन नियत समय के अंदर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं भारत सरकार को भेजा जा सके। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त सूचनाओं को वार्षिक प्रतिवेदन में सम्मिलित नहीं किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित विभाग उत्तरदायी होगा ।

यह आदेश सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है ।

(राजेश कुमार)
सहायक कुलसचिव (विकास)

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव–कुलपति
2. निजी सचिव–कुलसचिव
3. संबंधित पंजिका

(राजेश कुमार)
सहायक कुलसचिव (विकास)